# CGBSE PARAKH
# आदर्श प्रश्न–पत्र 2025-26
## कक्षा: 10वीं
## विषय: प्लम्बिंग (913)

पूर्णांक: 100 | समय: 3 घंटे

---

सामान्य निर्देश:

सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।

01. प्रश्न संख्या 1 वस्तुनिष्ठ प्रकार का है, जिसके तीन खंड (अ, ब, स) हैं।
02. प्रश्न 2 से 6: लघुउत्तरीय प्रश्न - I (Short Answer Questions - I) (प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द सीमा: 30-50 शब्द)
03. प्रश्न 7 से 12: लघुउत्तरीय प्रश्न - II (Short Answer Questions – II (प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द सीमा: 50-75 शब्द)
04. प्रश्न 13 से 17: दीर्घउत्तरीय प्रश्न - I (Long Answer Questions - I) (प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द सीमा: 75-100 शब्द)
05. प्रश्न 18 से 22: दीर्घउत्तरीय प्रश्न - II (Long Answer Questions-II) (प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द सीमा: 100-150 शब्द)
06. प्रश्न 23 और 24: अति दीर्घउत्तरीय प्रश्न (Very Long Answer Questions) (प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द सीमा: 150-200 शब्द)

---

प्रश्न 1: वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Question) (1 x 15 = 15 अंक)

**(अ)** सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए (Choose the correct option)

1. प्रभावी संचार के लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्व कौन सा है? [1]

   **(क)** शोर (Noise) **(ख)** प्रतिक्रिया (Feedback)

   **(ग)** भाषा की जटिलता (Language complexity) **(घ)** संदेश की लंबाई (Message length)

2. इंटरनेट पर किसी अज्ञात व्यक्ति से संचार करने के लिए कौन सा आई.सी.टी. उपकरण सबसे उपयुक्त है? [1]

   **(क)** कैलकुलेटर **(ख)** ई-मेल

   **(ग)** गेमिंग कंसोल **(घ)** प्रिंटर

3. एक सफल उद्यमी का सबसे महत्वपूर्ण गुण क्या है? [1]

   **(क)** जोखिम लेने से बचना **(ख)** कठिन परिश्रम

   **(ग)** जल्दी हार मान लेना **(घ)** केवल वेतन रोजगार पर ध्यान केंद्रित करना

4. चिनाई वाले कार्य में क्षैतिज जोड़ बनाने के लिए प्रयुक्त होने वाला बुनियादी उपकरण कौन सा है? [1]

   **(क)** पाइप रिंच **(ख)** ट्रॉवेल (Trowel)

   **(ग)** हैंड सॉ (Hand Saw) **(घ)** थ्रेडिंग डाई

5. प्लम्बिंग कार्यस्थल पर व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (PPE) में से कौन सा अनिवार्य है? [1]

   **(क)** लेजर प्वाइंटर **(ख)** सुरक्षा जूते

   **(ग)** गेमिंग हेडसेट **(घ)** धूप का चश्मा

**(ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (Fill in the Blanks) (1 x 5 = 5 अंक)

1. आत्मविश्वासी व्यक्तियों का एक प्रमुख गुण यह है कि वे अपनी ......................... और कमजोरियों का विश्लेषण करते हैं। [1]
2. बुनियादी कंप्यूटर ऑपरेशन में, कंप्यूटर को शुरू करने की प्रक्रिया को ......................... कहते हैं। [1]
3. सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा ......................... कौशल है। [1]
4. प्लम्बिंग की प्रक्रिया में पानी की ......................... का उपयोग करना सबसे महत्वपूर्ण है। [1]
5. बिजली के सामान्य समस्याओं में से एक, जो ओवरलोडिंग के कारण होती है, वह है ......................... होना। [1]

(**स**) एक वाक्य में उत्तर दीजिए (Answer in One Sentence) (1 x 5 = 5 अंक)

1. अपनी ताकतों की पहचान करना आत्म-प्रबंधन में क्यों महत्वपूर्ण है? [1]
2. एक भवन के किसी भी हिस्से में दिए गए द्वार/खिड़की आदि जैसे काटे गए या खोले गए स्थान को क्या कहते हैं? [1]
3. पीवीसी पाइप को जोड़ने के लिए किस प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है? [1]
4. सेनेटरी फिक्सचर की मानक ऊँचाई क्या होती है? [1]
5. प्लम्बर के लिए कार्यस्थल पर दो प्रमुख खतरे क्या हैं? [1]

प्रश्न 2 .आत्मविश्वासी व्यक्ति के किन्हीं दो गुणों का वर्णन कीजिए। [2]

प्रश्न 3 .पाइपलाइनों के परीक्षण की विधि का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। [2]

प्रश्न 4 .प्लम्बिंग और सेनेटरी फिक्सचर में अंतर स्पष्ट कीजिए। [2]

प्रश्न 5. कार्यस्थल पर व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (PPE) के महत्व को समझाइए। [2]

प्रश्न 6 .प्लम्बिंग प्रक्रिया में पानी की दक्षता से उपयोग करने के दो तरीके लिखिए। [2]

प्रश्न 7. ई-मेल (E-Mail) खाता बनाने की प्रक्रिया में शामिल किन्हीं तीन चरणों को लिखिए। [3]

प्रश्न 8. संधारणीय विकास क्या है? इसके किन्हीं दो लक्ष्यों का उल्लेख कीजिए। [3]

प्रश्न 9. सीमेंट मोर्टार तैयार करने की प्रक्रिया को संक्षेप में समझाइए। [3]

प्रश्न 10. पीवीसी पाइपों को जोड़ने के लिए सोल्वेंट सीमेंट का उपयोग कैसे किया जाता है? [3]

प्रश्न 11 .बिजली की सामान्य समस्याओं के किन्हीं तीन संकेतों को समझाइए। [3]

प्रश्न 12 अपशिष्ट प्रबंधन के किन्हीं तीन दक्ष प्रबंधन प्रक्रियाओं का उल्लेख कीजिए। [3]

प्रश्न 13* मौखिक संचार (Oral Communication) के लाभ और नुकसान का तुलनात्मक वर्णन कीजिए। [4]

अथवा (OR)

प्रभावी संचार में आने वाली बाधाओं को वर्गीकृत कीजिए।

प्रश्न 14. उद्यमिता और वेतन रोजगार के बीच चार प्रमुख अंतर स्पष्ट कीजिए। [4]

प्रश्न 15. पाइपों को काटने और थ्रेड़ करने की प्रक्रिया में आवश्यक उपकरण और उनकी उपयोगिता लिखिए। [4]

प्रश्न 16* कार्यस्थल पर आग लगने और उसकी रोकथाम के लिए किन्हीं चार सावधानियों का वर्णन कीजिए। [4]

अथवा (OR)

प्लम्बर के लिए कार्यस्थल पर स्वास्थ्य, सुरक्षा और निरापद वातावरण बनाए रखने के लिए सुरक्षा जाँच सूची (Safety Checklist) का महत्व बताइए।

प्रश्न 17* 'संसाधनों का इष्टतम उपयोग' के संदर्भ में ऊर्जा दक्ष उपकरणों की आवश्यकता और महत्व को समझाइए। [4]

अथवा (OR)

बिजली के संरक्षण हेतु सामान्य अभ्यासों (Common Practices for Electricity Conservation) का विस्तार से वर्णन कीजिए।

प्रश्न 18* चिनाई वाले बुनियादी टूल्स (Masonry Basic Tools) का वर्णन करते हुए, उनके उपयोग को विस्तार से समझाइए। [5]

अथवा (OR)

एक भवन के मुख्य तत्वों (Elements of a Building) का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 19* पाइप को थ्रेडिंग (Threading) करने की पूरी प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। थ्रेडिंग करते समय रखी जाने वाली दो महत्वपूर्ण सावधानियां भी लिखिए। [5]

अथवा (OR)

विभिन्न प्रकार की पाइपलाइनों के परीक्षण की आवश्यकता और प्रक्रिया का विस्तार से वर्णन कीजिए।

प्रश्न 20* विभिन्न प्रकार के सेनेटरी फिक्सचर की सूची बनाइए और स्थापना के लिए उनके मानक आयाम (Standard Dimensions for Installation) का महत्व समझाइए। [5]

अथवा (OR)

प्लम्बिंग फिक्सचर क्या होते हैं? किन्हीं पाँच प्रमुख प्लम्बिंग फिक्सचर का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 21* कार्यस्थल पर प्राथमिक चिकित्सा (First Aid) के महत्व का वर्णन कीजिए और किसी एक सामान्य चोट (जैसे मामूली कट या जलना) के लिए प्राथमिक चिकित्सा प्रक्रिया क्रमशः लिखिए। [5]

अथवा (OR)

कार्यस्थल पर खतरों (Hazards) के प्रकारों का वर्णन कीजिए और प्लम्बर के लिए सबसे सामान्य खतरों को सूचीबद्ध कीजिए। [5]

प्रश्न 22* प्लम्बिंग गतिविधियों से उत्पन्न कचरे को कम करने के किन्हीं चार सामान्य तरीकों का विस्तार से वर्णन कीजिए। [5]

अथवा (OR)

प्लम्बिंग प्रक्रिया में सामग्री प्रबंधन (Material Management) के दक्ष तरीकों का वर्णन कीजिए और यह समझाइए कि यह संसाधनों के इष्टतम उपयोग में कैसे मदद करता है।

प्रश्न 23* संसाधनों के इष्टतम उपयोग (Optimal Utilization of Resources) की आवश्यकता क्यों है? इस संदर्भ में, पुनर्चक्रण योग्य और गैर-पुनर्चक्रण योग्य अपशिष्ट (Recyclable and Non-Recyclable Waste) के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए, उनके प्रबंधन पर एक विस्तृत नोट लिखिए। [6]

अथवा (OR)

'संसाधनों का इष्टतम उपयोग' इकाई के तहत कूड़ेदान के अलग-अलग रंगों (Different colors of Dustbins) के महत्व पर एक विस्तृत निबंध लिखिए। इसमें विभिन्न रंगों का उपयोग किस प्रकार के अपशिष्ट के लिए किया जाता है और यह अपशिष्ट प्रबंधन में कैसे सहायक है, स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 24* प्लम्बिंग हेतु कार्यस्थल में उपयोग किए जाने वाले सामान्य विद्युत (Electrical) और थर्मल (Thermal) उपकरणों की सूची बनाइए। इनमें से किन्हीं दो उपकरणों के कार्य, उपयोग और सुरक्षा सावधानियों का विस्तार से वर्णन कीजिए। [6]

अथवा (OR

प्लम्बिंग प्रक्रिया में पानी की दक्षता से उपयोग करने के महत्व पर एक विस्तृत सूची बनाइए। पानी की बचत के लिए प्लम्बर द्वारा अपनाए जाने वाले किन्हीं चार प्रमुख तकनीकों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।